आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 10.05.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही प्रदेश में चारधाम यात्रा शुरू।
- पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा– सुगम तीर्थयात्रा के लिए राज्य सरकार ने व्यापक प्रबंध किये हैं।
- बदरीनाथ यात्रा मार्ग को स्वच्छ बनाने के लिए जिला प्रशासन ने प्लास्टिक निर्मित बोतल और सामग्री पर क्यू आर कोड लगाना अनिवार्य किया।
- मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में राज्य के विभिन्न हिस्सों में आंधी के साथ ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

चारधाम यात्रा–1

उत्तराखण्ड में केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट आज अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिये गये हैं। इसके साथ ही प्रसिद्ध चारधाम यात्रा शुरू हो गई है। आज सुबह सात बजे रुद्रप्रयाग जिले में स्थित केदारनाथ धाम के कपाट वैदिक मंत्रोच्चार और परंपरा अनुसार खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा का शुभारंभ हुआ। कपाट खुलते समय सेना के बैंड और भजन कीर्तन तथा जय श्री केदार के उद्घोष से केदारनाथ धाम गुंजायमान रहा। इसके बाद पूर्वाह्न 10 बजकर 29 मिनट पर यमुनोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले गए और दोपहर बारह बजकर पच्चीस मिनट पर गंगोत्री धाम के कपाट भी श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। कपाट खुलने पर हेलीकॉप्टर से केदारनाथ मंदिर पर पुष्प वर्षा भी की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केदारनाथ मंदिर में पूजा–अर्चना की। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा में देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधांए उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।

उधर, उत्तरकाशी जिले में स्थित गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट भी आज श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। यमुनोत्री धाम में मां यमुना की डोली सुबह 10 बजे पहुंच गई थी। इसके बाद पुरोहितों ने पूजा अर्चना की और शुभ मुहूर्त पर यमुनोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। वहीं, गंगोत्री धाम के कपाट भी आज श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। कपाट खुलने के अवसर पर मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। अब अगले छह माह तक मां गंगा के दर्शन गंगोत्री धाम में होंगे। गंगोत्री मंदिर के पुरोहित सुरेश सेमवाल ने बताया कि अगले एक सप्ताह तक गंगोत्री धाम में मां गंगा के भजन–कीर्तन आयोजित किए गए हैं।

चारधाम यात्रा के प्रति श्रद्धालुओं में अत्यधिक उत्साह देखने को मिल रहा है। बडी संख्या में तीर्थयात्रियों के चारधाम दर्शन के लिए पहुंचने के चलते हरिद्वार के ऋषिकुल मैदान में चारधाम पंजीकरण के 20 अतिरिक्त कांउटर स्थापित किए गए हैं।

तुंगनाथ

इधर, रुद्रप्रयाग जिले में स्थित तृतीया केदार भगवान तुंगनाथ के कपाट आज विधि विधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिये गये हैं। कपाट खुलते समय ढ़ाई हजार से अधिक श्रद्धालु मौजूद थे। इससे पहले, श्री तुंगनाथ की उत्सव डोली 9 मई को चोपता प्रवास करने के बाद आज सुबह तुंगनाथ मंदिर परिसर पहुंची। इसके बाद विधि–विधान से 12 बजे श्री तुंगनाथ मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले गये।

अक्षय तृतीया

अक्षय तृतीय आज श्रद्धा पूर्वक मनाया जा रहा है। इस दौरान हरिद्वार में कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने भगवान परशुराम की पूजा–अर्चना की। वहीं देश के कई हिस्सों से आए श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाकर मंदिरों में पूजा– अर्चना की।

बदरीनाथ

चमोली स्थित बदरीनाथ धाम के कपाट रविवार को सुबह छह बजे श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिए जाएंगे। श्री बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति इसे लेकर व्यापक तैयारियों में जुटा हुआ है। कपाट खुलने की तैयारियों की प्रक्रिया के तहत जोशीमठ में प्राचीन गरुड़ छाड़ मेला का आयोजन किया गया। आज जोशीमठ स्थित श्री नरसिंह मंदिर के माता लक्ष्मी मंदिर में पूजा–अर्चना के बाद मुख्य पुजारी रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी ने पवित्र गद्दी के साथ प्रथम पड़ाव योग बदरी मंदिर पांडुकेश्वर के लिए प्रस्थान किया।

अपील

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने चारधाम यात्रा पर आने वाले तीर्थ यात्रियों से अपना पंजीकरण करवाने और मौसम की जानकारी को ध्यान में रखकर यात्रा करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सुगम तीर्थयात्रा के लिए राज्य सरकार ने अनेक व्यवस्थाएं की हैं। चारधाम यात्रा को देखते हुए एक देहरादून में राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है जो पूरे यात्रकाल के दौरान संचालित रहेगा। सतपाल महाराज ने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया है। यात्रा मार्गों पर बड़ी संख्या में स्थाई शौचालयों के साथ–साथ अस्थाई शौचालयों की भी पर्याप्त व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि यात्रियों की आवासीय सुविधा को ध्यान में रखते हुए गढ़वाल मण्डल विकास निगम की ओर से चारधाम यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले लगभग 52 पर्यटक आवास गृहों की मरम्मत और सौन्दर्यकरण का काम किया गया है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि केंद्रीय परिवहन विभाग द्वारा चारधाम यात्रा मार्ग पर गढ़वाल मण्डल विकास निगम के सहयोग से ईवी चार्जिगं स्टेशन स्थापित किये गये हैं। अभी तक 28 स्थानों पर 60 किलोवाट के ईवी चार्जर पंहुचा दिये गये हैं जबकि 27 जगहों पर चार्जर के लिए फांउडेशन का काम किया जा चुका है।

प्लास्टिक मुक्त बदरीनाथ

बदरीनाथ यात्रा मार्ग को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए चमोली जिला प्रशासन ने अभिनव पहल शुरू की है। जिला प्रशासन ने यात्रा को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए रिसाइकल कंपनी के साथ पांच वर्षों का अनुबंध किया है। इसके अनुसार नीती घाटी, गोविन्दघाट, माणा गांव और बद्रीनाथ धाम में सभी वाणिज्यिक संस्थाओं तथा असंगठित इकाईयों में बेचे जाने वाले प्लास्टिक निर्मित बोतल और सामग्री पर सौ प्रतिशत रिफंडेबल 10 रुपये का विशिष्ट क्रमबद्ध पहचान कोड लगाना अनिवार्य होगा। न्यूनतम 10 रुपये

जमा करने पर समस्त थोक विक्रेता, दुकान, होटल, होमस्टे और रेस्टरां स्वामियों को क्यूआर कोड उपलब्ध कराया जाएगा। बिना क्यूआर कोड के विक्रय करने वालों पर नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। रिसाइकल कंपनी के डिपॉजिट रिफंड काउंटर गोविन्दघाट, नीती घाटी, माणा गांव और बद्रीनाथ धाम तक उपलब्ध होगें। यात्रियों द्वारा कंपनी के विभिन्न स्थानों पर स्थापित काउंटर पर क्यूआर कोड वाली खाली बोतल जमा करने पर डिपॉजिट रिफंड लिया जा सकेगा।

मौसम

मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश और ओलावृष्टि का आरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून के अनुसार अगले 48 घण्टों में राज्य के सभी जिलों में अनेक स्थानों पर गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने राजधानी देहरादून सहित हरिद्वार, पौड़ी, नैनीताल, चम्पावत और ऊधमसिंह नगर में इस अवधि के दौरान 60 से 70 किलोमीटर प्रति घण्टा की तेज रफ्तार के साथ तूफान चलने की आशंका भी जताई है। विभाग ने रविवार तक राज्य के अन्य हिस्सों में भी 50 किलोमीटर प्रति घण्टा तक की रफ्तार से आंधी का अनुमान व्यक्त किया है। मौसम विज्ञान केंद्र ने लोगों को तूफान और ओलावृष्टि की चेतावनी के मद्देनज़र सतर्कता बरतने की सलाह दी है। इस बीच, प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में आज आमतौर पर बादल छाए रहे। राज्य में तापमान सामान्य बना हुआ है। वहीं, अल्मोड़ा जिले में कोसी–सोमेश्वर–कौसानी राज्यमार्ग चनौदा के पास यातायात के लिए अवरूद्ध है, जिसे खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं।

निर्देश

दूरसंचार विभाग–डीओटी ने साइबर अपराधों में दुरुपयोग किए गए 28 हजार दौ सौ मोबाइल हैंडसेट को समूचे भारत में ब्लॉक करने के लिए दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को निर्देश जारी किए हैं। विभाग ने मोबाइल हैंडसेट से जुड़े 20 लाख मोबाइल कनेक्शन को तुरंत पुनः सत्यापित करने के भी निर्देश दिए हैं। ऐसा न करने की स्थिति में इन कनेक्शन को डिसकनेक्ट करने का निर्देश दिया गया है।

हॉकी टीम

हाकी इंडिया ने एंटवर्प, बेल्जियम और लंदन में आयोजित होने वाली फेडरेशन इंटरनेशनल हाकी लीग के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। हरमनप्रीत सिंह के नेतृत्व वाली टीम में पिथौरागढ़ के बाबी सिंह धामी का भी भारतीय सीनियर हाकी टीम में चयन किया गया है। जिला क्रीड़ाधिकारी वरूण बेलवाल ने बताया कि बाबी सिंह धामी राज्य के पहले ऐसे खिलाड़ी है, जिन्होंने भारतीय सीनियर हाकी टीम में जगह बनाई है। भारतीय हाकी टीम में चयन होने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बाबी सिंह धामी को बधाई दी है।

सेमिनार

उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने कहा है कि प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए आयोग हर संभव प्रयास कर रहा है। नैनीताल स्थित कुमाऊं विश्वविद्यालय में आयोजित सेमिनार में श्रीमती कंडवाल ने कहा कि महिला उत्पीड़न से संबंधित शिकायत दर्ज करने के लिए आयोग अथवा महिला हेल्प लाइन पर शिकायत दर्ज की जा सकती है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023–24 में महिलाओं और किशोरियों द्वारा उत्तराखंड राज्य महिला आयोग में कुल एक हजार 7 सौ 69 मामले दर्ज हुए, जिसमें से एक हजार एक सौ 67 मामलों का निस्तारण किया जा रहा है और शेष मामलों पर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

जोड़ मेला

चंपावत जिले के गुरुद्वारा रीठा साहिब में हर साल लगने वाला जोड़ मेला 21 मई से शुरू होगा। मेले की तैयारियों को लेकर आज जिलाधिकारी नवनीत पाण्डेय की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में सड़क, बिजली ,पानी यातायात सुरक्षा आदि व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि मेले में श्रद्धालुओं को सभी सुविधाएं मुहैया कराई जांएगी। तीन दिवसीय मेले के दौरान रात 8 बजे से सुबह 5 बजे तक यातायात बन्द रहेगा।